हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 जुलाई 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

4

कृषि में कीटनाशक व खाद का उपयोग बढ़ा तो बिकने लगे नकली उत्पाद




छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

### विधायक गोमती साय व रायमुनी भगत हुईं शामिल

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोकड़ा

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दोकड़ा के शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय थीं। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा करमा लोकनृत्य कर मांदर की थाप के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया।

■ विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल में आने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर और आरती उतारकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों में भी स्कूल आने का खास उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों के स्वागत के लिए स्कूलों में पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी। कई स्कूलों में रंगोली भी बनाई गई। वही शिक्षकों ने नव प्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों को कॉपी-किताब और पेन दिए। लंबे अंतराल के बाद जब नन्हें-मुन्हे बालक-बालिका स्कूल पहुंचे तो रौनक लौट आई है। स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के समूह द्वारा सभी छोटे बच्चों का मुख्य द्वार पर ही टीका लगाकर,स्वागत किया गया। प्रवेशोत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया।स्कूल खुलने पर प्रदेश सहित जिले भर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। यह सिलसिला 15 जुलाई तक चलेगा। जिले के गाँव-गाँव व कस्बे-कस्बे के सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा।

इस मौके पर विधायक श्रीमती साय ने कहा कि शिक्षा बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान करती है। आप सभी अपना एक लक्ष्य तय करके गुरुजनों के सानिध्य में योग्यता बढ़ाए और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। बच्चों को स्कूल आते हुए देखकर मन को प्रसन्नता मिलती है। माता-पिता विद्या अध्ययन में सहयोग करें। साथ ही साथ समाज की अभिन्न कड़ी के रूप में इनका संरक्षण, पोषण और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करें।

उन्होंने कहा कि सभी बच्चे बड़े होकर के गांव, स्कूल, माता-पिता का नाम रोशन करें।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, हीरामति पैंकरा,इमाम खान,अनीता चौधरी,प्रतिमा भगत सरपंच , देवदत्त सिंह, पारथो सिंह,संतोष गुप्ता,रिजु तिर्की,ओमप्रकाश यादव, रामकुमार रवानी सहित संस्था के प्राचार्य सलमोन तिर्की एवं सभी स्टाप मौजूद रहे।



बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करतीं विधायक गोमती साय।



मां के नाम पर विधायक ने किया पौधरोपण ।

## एक पेड़ मां के नाम पर विधायक ने किया पौधरोपण

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दोकड़ा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक श्रीमती साय ने छायादार पौधा भेंट कर संस्था के टीचर, बच्चों एवं अभिभावकों को एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण करने के लिए शपथ दिलाई। गौरतलब है की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर 'एक पेड़ मां के नाम'इस थीम पर पूरे राज्य के स्कूलों में पौधारोपण करने का अभियान चलाया जा रहा है। विधायक श्रीमती साय ने छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने में पेड़ पौधों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि अपने परिजन की स्मृति में पौध रोपण करें। पेड़ पौधों के कारण वातावरण का शुद्ध और तापमान नियंत्रित रहता है। पेड़ पौधों पर ही हमारे जीवन का भविष्य निर्भर रहता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे स्वयं तो पौधे लगायेंगे साथ ही अपने परिवार के सदस्यों एवं दोस्तों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

## खबर संक्षेप

### शेखरपुर को मिला एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र




**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेखरपुर को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा एवं मरीजों के बेहतर ईलाज के लिए राष्ट्रीय गुणवक्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। भविष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेखरपुर को रोल मॉडल के रूप में चिन्हांकित करते हुए जिले के अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र के प्राप्ति के लिए प्रयास किया जाएगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण कार्यशाला

**जशपुरनगर।** राज्य के सभी महाविद्यालयों में इस सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सेमेस्टर सिस्टम लागू किया गया है। जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जशपुर जिले के सभी महाविद्यालयों में सभी कर्मचारियों-अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डा.विजय रक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज 03 जुलाई को शासकीय नवीन महाविद्यालय मनोरा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डा.अमरेन्द्र, सहायक प्राध्यापक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदुओ, महत्व, आवश्यकतानुसार, सेमेस्टर प्रणाली, च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, बहु विकास प्रवेश, आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली, सतत आंतरिक मूल्यांकन, विषय विशिष्ट पाठ्यचर्या (डीएससी), विषय विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) सामान्य ऐच्छिक (जीई) योग्यता अभिवृद्धि (एईसी), कौशल अभिवृद्धि (एसईसी) मूल्य वर्धित कोर्स सहित विभिन्न बिंदुओ पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शांति प्रकाश भगत, आलोक कुजूर, अलेख केरकेट्टा, दिव्य प्रतिमा लकड़ा, विकास कुमार लकड़ा, कर्मचारी सुभाष टोप्पो, दिलेश्वर छतरिया और अन्य शामिल हुए।

### जिले में 1 जून से अब 139.3 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 139.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 03 जुलाई तक औसत वर्षा 191.1 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 17.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 68.8 मिमी, मनोरा में 175.2 मिमी, कुनकुरी में 177.6 मिमी, दुलदुला में 145.8 मिमी, फरसाबहार में 87.3 मिमी, बगीचा में 215.1 मिमी, कांसाबेल में 184.2 मिमी, पत्थलगॉव में 118.0 मिमी, सन्ना में 162.7 मिमी एवं बागबहार में 57.9 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

## प्राथमिक शाला छिंदबहरी



नए शिक्षा सत्र के साथ स्कूल खुलते ही शाला में प्रवेश उत्सव प्रारंभ हो गया। जिसके तहत नवप्रवेशी बच्चों का आवभगत करते हुए शाला में प्रवेश दिलाया जा रहा है। इसी क्रम में पत्थलगांव विकास खंड के प्राथमिक शाला छिंदबहरी में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में बच्चे उनके पालकगण शिक्षकों ने नवप्रवेशी बच्चों को पूरे आवभगत के साथ शाला प्रवेश दिलाया। इस दौरान पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया जोहमारी संस्कृति परंपरा में प्रत्येक मां अपने बच्चों की प्रथम गुरु होती है इस अवधारणा के आधार पर माता उन्मुखी कार्यक्रम किया गया। जिसमे मां के गृह कार्य के दौरान छोटे बच्चों को घर पर ही बहुत सारी बातें खेल खेल में सीखने को प्रेरित करना उद्देश्य है। जैसे रंगों की पहचान, आकृतियों की पहचान, खेल खेल गिनती, अपना नाम, पता बताना, परिवार के सदस्यों की जानकारी, कहानी सुनना कहना, साथ ही साथ बच्चो के शारीरिक बौद्धिक मानसिक विकास का आकलन करना आदि शामिल है।

## जिपं अध्यक्ष ने मनोरा में बच्चों को कराया शाला प्रवेश




विकास खंड मनोरा में खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मनोरा के सभाकक्ष में श्रीमती शांति भगत जिला पंचायत अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती शांति भगत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती सुषमा सिंह पूर्व बीडीसी, कुशराम भगत बीडीसी, शिवनंदन भगत, भजुनन्दन, रामदास यादव के द्वारा शासकीय हिंदी माध्यम स्कूल प्राथमिक शाला कांटाबेल, माध्यमिक शाला मनोरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मनोरा एवं सेजेस (स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मनोरा के कक्षा 1ली, कक्षा 6 वी, कक्षा 9 वी तथा 11 वी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर उक्त कक्षाओं में प्रवेश दिलाते हुए गणवेश तथा पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया।

## विधायक ने नवप्रवेशित बच्चों को लगाया टीका



स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत शामिल हुईं। विधायक ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगा कर शाला प्रवेश कराया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में प्रवेश उत्सव के इस अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगा शाला प्रवेश कराया। इस दौरान विधायक ने नव प्रवेशित बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा का महत्व बताकर बच्चों को मन लगा पढ़ाई करने प्रेरित किया। इस अवसर पर जशपुर एस डी एम प्रशांत कुशवाहा, नगरपालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, रजनी प्रधान, वार्ड नं 20 के पार्षद तन्नू वर्मा, पार्षद प्रतिमा भगत, सावित्री निकुंज, आसू राय, विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकगण और बच्चे उपस्थित रहे।

# नगर पालिका के कार्यवाहक अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण



नगरपालिका अध्यक्ष का फूलों से स्वागत करतीं विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नगर पालिका परिषद के कार्यालय में बुधवार को नगर पालिका के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम राम ने शपथ ग्रहण किया।

इस अवसर पर जशपुर की विधायक रायमुनी भगत, पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, छग पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनिल गुप्ता, नरेश नंदे, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, पालिका के उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, विजय आदित्य सिंह जूदेव, शौय प्रताप सिंह जूदेव, पूर्व नपा अध्यक्ष रजनी प्रधान, जनपद पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष राजकपूर भगत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कृष्ण कुमार राय ने कहा कि नगरपालिका परिषद जशपुर, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का विशेष लगाव है। परिषद के चुनाव में अब तक पार्टी अजेय रही है। इसलिए नगर के विकास की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार,जशपुर के विकास के लिए बजट की कमी नहीं होने देगी। बीते दिनों नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से विधायक रायमुनि भगत के साथ मुलाकात हुई थी। इस दौरान नगर के विकास कार्यो पर उन्होनें बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने गरीब किसान के बेटे को ऐतेहासिक नगर पालिका परिषद का नेतृत्व करने का अवसर दिया है। उन्होनें कहा कि भाजपा आदिवासी नेतृत्व को सशक्त करने में विश्वास करती है। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने नगरपालिका के कार्यवाहक अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव अब बमुश्किल चार माह शेष है। इस बीच नगर के विकास के लिए तेजी से काम करना है। उन्होनें कहा कि नगर के विकास के लिए सरकार साढ़े 9 करोड़ रूपये उपलब्ध करा चुकी है। इसके अलावा बस स्टेण्ड, बाल उद्यान के उन्यन, मुक्तिधान के उन्यन जैसे कार्यो के लिए 20 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास भेजा गया है। इन प्रस्तावों को भी एक माह के अंदर स्वीकृति मिलने की संभावना है। विधायक ने कहा कि हम सबस मिल कर जशपुर को स्वच्छ, सुंदर ⏭ शेष पेज 4 पर

### एसडीएम ने ली शिक्षा विभाग के लिपिकों की बैठक



**जशपुरनगर।** एसडीएम जशपुर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने आज स्वामी आत्मानंद हिन्दी उत्कृष्ठ विद्यालय जशपुर में मनोरा एवं जशपुर के शिक्षा विभाग के लिपिकों की बैठक ली और नवनियुक्त लिपिकों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए उनके बौद्धिक क्षमता का परीक्षण किया। बैठक में उन्होंने सभी की उपस्थिति की जानकारी ली और बैठक में अनुपस्थित पाए गए लिपिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर बैठक में जशपुर तहसीलदार श्रीमती जयश्री राजनपथे, बीईओ लक्ष्मण शर्मा सहित शिक्षा विभाग के लिपिकगण उपस्थित थे। इसी प्रकार कुनकुरी एसडीएम नन्दजी पाण्डेय ने आज कुनकुरी विकासखण्ड के शिक्षा विभाग के लिपिकों की बैठक लेकर सेवा पुस्तिका के संधारित, अवकाश की गणना, वेतन वृद्धि लगाने सहित विद्यालयों के कार्यो को समय-सीमा में करने के निर्देश।

# पुलिस की विशेष टीम ने 23 जोड़ी मवेशियों को तस्करी से बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मवेशी तस्करों की धर-पकड़ के लिए एसपी द्वारा गठित पुलिस की विशेष टीम ने 23 रास मवेशियों को तस्करी होने से बचाया। मवेशी तस्करी में शामिल आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

2 जुलाई मंगलवार को एसपी शशि मोहन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना कांसाबेल क्षेत्र के ग्राम सिहारबुड़ में 2 व्यक्ति पैदल एवं 1 व्यक्ति अपने चारपहिया वाहन से मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके के लिये रवाना किया गया। टीम द्वारा ग्राम सिहारबुड़ में जाकर दबिश देकर क्रूरतापूर्वक मवेशी तस्करी कर रहे रविन्द्र नायक एवं छोटू राम केंवट को अभिरक्षा में लेकर उनसे कुल 23 रास मवेशियों को जप्त किया गया। चारपहिया वाहन में सवार व्यक्ति पुलिस को आता देख वाहन सहित फरार हो गया। रविन्द्र नायक एवं छोटू राम केंवट ने पूछताछ में बताया कि वे फरार व्यक्ति के कहने पर मवेशियों को तस्करी कर ले जा रहे थे। प्रकरण में थाना कांसाबेल में धारा छग कृषि पशु परि अधि. 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि. की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण के अभियुक्त - रविन्द्र नायक उम्र 35 साल निवासी सिहारबुड़ (बागटोली) थाना कांसाबेल, छोटू राम उम्र 24 साल निवासी चरईडांड़ थाना दुलदुला को 2 जुलाई मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण के फरार आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस टीम को लगाया गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं पशु जप्ती कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत, नीता कुर्रे, जोस्टीन तिर्की, सुदीप एक्का, सुशील तिर्की, जोगेन्द्र एवं अन्य पुलिस कर्मचारियों का योगदान रहा है।



मवेशियों के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मिल रही सफलता

जिला पुलिस जशपुर द्वारा पशु तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है, अभियान में निरंतर सफलता मिल रही है, फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये स्पेशल टीम को लगाया गया है।

-शशि मोहन सिंह
पुलिस अधीक्षक जशपुर

### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, लोगों को हो रही परेशानी

# हृदय स्थल इंदिरा चौक की स्थिति बदत्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शहर के हृदय स्थल इंदिरा चौक की स्थिति बद से बदत्तर हो गई है। देख कर लगता है,इससे अच्छा तो गांव के चौक चौराहे होते है। लाचार व बेबस लोग परेशानी का सामना करने मजबूर हैं।

इंदिरा चौक राष्ट्रीय राजमार्ग 43 की सड़क देख कर नहीं लगता कि राष्ट्रीय राजमार्ग नाम का कोई विभाग भी है। सुबह अपने स्कूल के लिए जब यहां से स्कूली बच्चे गुजरते हैं तब उनकी सोंच पर विपरीत असर पड़ता है। बावजूद इसके बच्चे वहां से गुजरते जरूर हैं। शहर के हर एक आम शहरी को अच्छी सड़क चाहिए और वो राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों की तरफ देखते हैं। फिर भी यह विभाग कुछ करने से रहा। इनके अधिकारी सप्ताह में क्या वर्षो वर्षो तक शहर में नही दिखते। जब कोई बड़ा अधिकारी या बड़ा नेता यहां आएंगे तब विभाग के अधिकारी दिखेंगे। यहां के लोग इंजीनियर से लेकर एसडीओ व प्रभारी ईई को नही जानते। सुबह इंदिरा चौक के पास बिलई टाँगर निवासी बिंदेस्वरी शर्मा बाल बाल बचे। अपनी स्कूटी से जब पार हो रहे थे तब गड्ढे में गिर गए। लोगों ने उन्हें दौड़कर उठाया। बिंदेस्वरी शर्मा ने बताया जैसे तैसे आज जान बची न जाने कल क्या होगा। अधिवक्ता मोहन यादव ने बताया कि शहर के बीच इस तरह के बड़े बड़े गड्ढे शहर की व्यवस्था खराब कर रहा है। पार्षद अजय बंशल ने कहा कि अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी समझने की आवश्यकता है।





## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने कीर्ति, कन्हैया सचिव

**सीतापुर।** अधिवक्ता संघ के हुए प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में जीत हासिल करते हुए कीर्ति गुप्ता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने





अपने प्रतिद्वंद्वी अधिवक्ता संतोष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ को हराकर यह पद हासिल किया। सचिव पद के लिए कन्हैया गुप्ता ने 22 मतों से अधिवक्ता इमरान इराकी पर जीत हासिल की। इसी तरह वरिष्ठ एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए रामकुमार सिंह एवं हरीश गुप्ता चुने गए। ग्रंथपाल सचिव पद पर साधना किरण टोप्पो ने जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष एवं उप कोषाध्यक्ष पद के लिए जहरु लाल मिंज एवं जवाहर लाल प्रजापति निर्विरोध चुने गए। सहसचिव महिपाल सिंह, क्रीड़ा सचिव रविकांत उपाध्याय समेत कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जुगुलबिहारी पैंकरा, मदन मोहन गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता एवं अख्तर हुसैन निर्विरोध चुने गए।

### प्रतिनिधियों एवं फॉरेस्ट के अधिकारियों ने की पौधरोपण की शुरुआत

**उदयपुर।** संभाग में बीते गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए खाली जगहों पर हरियाली लाने विधायक राजेश अग्रवाल की



पहल पर विकासखंड उदयपुर के ग्राम सायर में 16 हजार और मानपुर में 49 हजार पौधे लगाने लक्ष्य रखा गया है। पौधरोपण की शुरुआत प्रतिनिधियों वे फॉरेस्ट के अधिकारियों ने बारिश आने के साथ ही आज शुरुआत की गई। इस दौरान एसडीओ वीरेंद्र ठाकुर, रेंजर मैरी कुजूर, विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, दिव्यांशु गोयल, अभय वर्मा एवं उदयपुर फॉरेस्ट विभाग के सिपाही, कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ मॉडल ग्राम बनाने चलाया अभियान



**रामानुजनगर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ मॉडल ग्राम बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत परसापारा में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित देवल्ला के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां पूर्व में आसपास के लोगों द्वारा कचरा फेंक कर कचरे का ढेर लगा दिया गया था, जिससे लोगों को गन्दगी, बदबू व बीमारी का खतरा बना रहता था। आज साफ़ करने की पहल वार्ड पंच युगेन्द्र कुमार राजवाड़े द्वारा की गई और श्रमदान कर पंच, सरपंच, सचिव, स्वच्छाग्रही समूह की महिलाएं, ग्रामीण, संकुल समन्वयक, एसडीएम के सहयोग से श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ़ सफाई की गई। श्रमदान कार्यक्रम को देख रहे तुलेश्वर राजवाड़े आ. राजनाथ राजवाड़े ने अपने घर हुए बच्चे का अन्नप्राशन कार्यक्रम के दौरान हुए कचरा को एकत्र कर खुद कचरा रिक्शा में डालने आ गए जिसे देख स्वच्छता दीदियों ने खुशी जाहिर की। साथ ही उसे 100 रूपए का इनाम दिया। साथ ही कभी भी सड़क किनारे खुले में कचरा न फेकने तथा किसी अन्य को भी ऐसा गलत कार्य नहीं करने को लेकर संकल्प लिया गया।

### यूरिया खाद नहीं मिलने से किसान हो रहे परेशान



**लखनपुर।** किसान खेती के समय पर यूरिया खाद के नहीं मिलने चिंतित है। किसान लगातार आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित कार्यालय लहपटरा, लखनपुर ,कुन्नी में खाद लेने के लिए चक्कर काट रहे हैं। बारिश होने के साथ अब किसान खेती किसानी के कार्य में जुट गए है। समय पर फसल लगा सके इसके लिए अभी से तैयारी करना शुरू कर दिया है। लखनपुर क्षेत्र के कई खाद वितरण समिति में 16 जून से यूरिया खाद नहीं आने से किसान परेशान है। यूरिया खाद जो धान की शुरुआत खेती के फसल में यूरिया सख्त जरूरत होती है लेकिन यूरिया खाद न मिलने से किसान काफी परेशान हताहत है। अपनी फसलों को लेकर जनप्रतिनिधि अधिकारियों के पास गुहार लगाए हैं। बावजूद इसके किसानों को खाद नहीं मिल सकी जिससे किसान आक्रोशित हैं। सहकारी समिति प्रबंधक द्वारा बताया गया कि यूरिया खाद खपत के हिसाब से खाद नहीं मिल पा रहे हैं जिससे परेशानी हो रही है।

### पीएससी कोचिंग हेतु परीक्षा अब होगी 14 को

**अम्बिकापुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राजीव युवा उत्थान योजनांतर्गत छग राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु पात्र अभ्यर्थियों का संभाग स्तर पर प्राक्चयन परीक्षा 30 जून को दोपहर 12 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित की गई थी। किंतु उक्त दिवस पर प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड की परीक्षा होने के कारण विभाग द्वारा आयोजित प्राक्चयन परीक्षा की तिथि में संशोधन करते हुए उक्त प्राक्चयन परीक्षा को 14 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

बीती रात हुई घटना, नगर पालिका के अधीन है सड़क

# जिला मुख्यालय के बीच गड्ढों में तब्दील हुआ गौरवपथ, गड्ढे के कारण टूटे ट्रक के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले में एनएच के साथ ही नगर के अंदर से होकर गुजरने वाली गौरव पथ भी जर्जर हालत में है। आलम यह है कि गौरव पथ पर जगह जगह गड्ढे हो गए है और लोग इन गड्ढों के कारण दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

**खास बात**
- बाल-बाल बचा चालक

बीती रात भी एक ट्रक सड़क पर बने गड्ढे के कारण दुर्घटना का शिकार हो गई। गड्ढे के कारण ट्रक का पिछला चक्का टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन भविष्य में इन जानलेवा गड्ढों के कारण कोई भीषण घटना हो सकती है। बताया जा रहा है कि बिलाईगढ़ निवासी द्वारकेश यादव ट्रक क्रमांक सीजी 22 पी 3601 से बलौदाबाजार से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद बिहार जा रहा था। इस दौरान बीती रात 10 बजे जैसे ही ट्रक नगर के बीच गौरव पथ पर जड़निया नाला के समीप पहुंचा सड़क पर बने गड्ढे में भरे पानी के कारण चालक गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा पाया। ट्रक का अगला पहिया गड्ढे में उछलकर बाहर निकल गया लेकिन पिछला चक्का जैसे ही गड्ढे में पड़ा पिछले चक्के के दोनों ओर के टायर निकलकर गिर गए और ट्रक वहीं सड़क पर खड़ा हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलने के बाद हाइवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक को सड़क किनारे किया गया। चालक द्वारकेश यादव के अनुसार वह ढलान में सामान्य गति से वाहन चला रहा था लेकिन उसे गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा और गड्ढे में जाने के कारण ट्रक के दोनों ओर का पहिया टूट गया। बड़ी बात यह है कि उक्त घटना स्थल ब्लैक स्पॉट बन गया है। आए दिन इसी स्थान पर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। दुर्घटना के कारण गौरव पथ के रेलिंग भी टूट गए है।



गड्ढों में तब्दील गौरवपथ।

**पहली बारिश भी नहीं झेल पाई सड़क**

बताया जा रहा है कि नगर पालिका द्वारा बारिश से पहले इस सड़क पर खाना पूर्ति के लिए मिट्टी मुरुम से गड्ढों को भरकर मरम्मत का कार्य किया गया था लेकिन गौरव पथ की सड़क पहली बारिश भी नहीं झेल पाई। हैरानी की बात तो यह है कि समय रहते बरसात से पूर्व गड्ढों को भरने व सड़क के मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया। महज 3 किमी के गौरव पथ के मरम्मत को लेकर जिले के प्रशासनिक अधिकारी गंभीर नहीं है। गड्ढे के कारण अगर ट्रक का पहिया टूट सकता है तो भविष्य में किसी बड़ी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। विदित हो कि एनएच 343 के बीच में शहर से होकर गुजरने वाली 3 किमी की सड़क गौरव पथ के रूप में नगर पालिका के अधीन है।

**कराएंगे मरम्मत**

बारिश के पूर्व गिट्टी मुरुम से सड़क के मरम्मत का कार्य कराया गया था। ज्यादा बारिश के कारण फिर से सड़क खराब हो गई है। बारिश रुकने के बाद सड़क पर बीटी कार्य कराकर मरम्मत कराया जाएगा।

-प्रणव राय, सीएमओ



## चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

देर रात घर में घुस कर चोरी करने वाले तीन चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई सामान को बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भुवनेश्वरपुर निवासी रामसुभग साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28-29 जून की दरम्यानी रात घर में घुसकर चोरों ने मोबाइल, 3 बोरी महुआ व 1 नग टुल्लू पंप चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति टूल्लू पम्प बेचने के लिए सूरजपुर की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने नारायणपुर के समीप टूल्ल पंप लेकर जा रहे भुनेश्वरपुर निवासी धीरेन्द्र सिंह आ.रामलखन (23 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि वह अपने साथी महेश चौबे उर्फ उमेश आ. सुरेन्द्र कुमार (27 वर्ष) व बैजू कुर्रे आ. रामलखन (34 वर्ष) के साथ मिलकर मोबाईल, महुआ व टूल्लू पंप चोरी कर आपस में बाट लिए है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के 1 मोबाईल, 3 बोरी महुआ, टूल्लू पम्प बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह, सुशील सिंह, हंसराम कनेडिया, आरक्षक अमलेश्वर सिंह, दीपक यादव, कृष्णा साहू व महेन्द्र प्रताप सिंह सक्रिय रहे।

## श्रमिक हितैषी मांगों को लेकर एटक ने महाप्रबंधक कार्यालय में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 57 सूत्रीय मांगों को लेकर महप्रबंधक के नाम कार्मिक प्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन

श्रमिक हितैषी 57 सूत्रीय मांग को लेकर संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने विशाल रैली निकालकर महाप्रबंधक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।मंगलवार को संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक कार्यालय से कोल कर्मचारी एवं ठेका मजदूरों ने रैली निकालकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष पहुंचकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य गेट को जामकर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में उपस्थित कोल कर्मचारियों एवं ठेका मजदूरों को संबोधित करते हुए एसकेएमएस एटक के केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा ने कहा कि मजदूर वर्ग पर लगातार हमले हो रहे हैं।कर्मचारी व श्रमिकों के अधिकारों पर लगातार कटौती हो रही है।

वर्तमान केंद्र सरकार आउटसोर्सिंग, अस्थाईकरण और ठेकाकरण से देश की तमाम पब्लिक सेक्टर को निजी हाथों में सौंप रही है। मेहनत से हासिल किए गए श्रम अधिकारों को नाकाम करना और चरम मुनाफा कमाना, रखो और निकालो की नीतियों से सार्वजनिक क्षेत्र को समाप्त करने में लगी है। क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने कहा कि क्षेत्र में आईआर सिस्टम बिल्कुल चौपट हो गया है। सीटीओ के नाम पर खदानों को बंद कर कर्मचारियों को सरप्लस करने की साजिश की जा रही है। वर्तमान में रेहर खदान तथा बलरामपुर खदान बंद है। केतकी खदान का उत्पादन ढुलमुल है। क्षेत्र में कर्मचारियों की आवागमन के लिए बस की सुविधा नहीं है। कर्मचारी निवास एवं कॉलोनी की स्थिति जर्जर है। क्षेत्र से लगातार कोयला, लोहा समेत कीमती सामानों की चोरियां हो रही है। अस्पतालों में दवाइयां सहित अन्य सुविधाओं का बेहद अभाव है। कार्यस्थल में कर्मचारियों के लिए सुविधाओं का बेहद अभाव है। रेस्ट शेल्टर जर्जर है, पानी की ठोस व्यवस्था नहीं है। पूर्व में बने एक कैंटीन की हालत गंभीर है। ठेका श्रमिकों का शोषण लगातार हो रहे हैं। एटक संगठन ने आंदोलन करके क्षेत्र के खदान में ठेका श्रमिकों को हाई पावर कमेटी का वेतन भुगतान कराया है, लेकिन कुछ ठेका मजदूर अभी भी ऐसे हैं जिन्हें ठेकेदार द्वारा 400-500 रूपए देकर शेष मजदूरी का बंदरबांट करते हैं, जिसकी लड़ाई जारी है। कामरेड हरगोविंद सिंह, विनोद सिंह, विकास जैन, सजल मित्रा ने भी अपने सम्बोधन में कहा कि काफी समय से आवास आवंटन की बैठक बंद है। कोल कर्मचारियों को आवास आवंटन नहीं हो रहे हैं। वर्दी और यूनिफॉर्म की पात्रता वाले कर्मचारियों को ड्रेस नहीं मिल रहे हैं। । रेस्क्यू विभाग के कर्मचारी जो आपात स्थिति में रहने के बाद भी संडे और पीएच नहीं दिया जाता है। धरना प्रदर्शन के बाद प्रबंधन के अधिकारियों को ज्ञापन लेने आने में काफी विलम्ब होने पर सभी कर्मचारी-ठेका मजदूर महाप्रबंधक कार्यालय के भीतर प्रांगण में प्रवेश कर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक चारुचंद्र नायक को ज्ञापन देकर सभी मांगों का निराकरण किए जानेकी बात कही गई है।धरना प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कोलकर्मी व ठेका श्रमिक उपस्थित थे।



## भाजयुमो ने किया राहुल का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- संसद में दिए बयान को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

संसद के भीतर सांसद लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस बीच सरगुजा में भाजयुमो द्वारा द्वारा आज बयान के विरोध में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद उनके अंदर की जो भावना है उसको उन्होंने संसद के पटल पर रखा है। हिंदू समाज सर्वदा से ही विश्व कल्याण की सोच रखता है तथा संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानता है लेकिन जिस प्रकार से राहुल गांधी ने समस्त हिंदू समाज तथा भारतीय जनता पार्टी को हिंसक बताते हुए अपमानित करने का प्रयास किया। उनको यह देश कभी सहन नहीं करेगा तथा युवा भी इसको लेकर के आक्रोशित है। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमोघ कश्यप, मनीष दुबे, रविकांत उरांव, जिला महामंत्री संजीव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास शुक्ला चंदन, अनीश सिंह, अकील साय मराबी, नगर अध्यक्ष निशांत सिंह सोलू, जिला मंत्री वीर सोनी, हर्ष जायसवाल, निशांत सिंह गोल्डी, श्रीधर केशरी, अनुराग शुक्ला, दीपक यादव, सौरभ मिश्रा, विकास गुप्ता, हैप्पी सिंह, पिंटी सिंह, रोहित कुशवाहा, मनीष सिंह,लव दुबे, शुभम प्रजापति, प्रिंस चौबे, सक्षम गुप्ता, अविनाश तिवारी, नितिन शर्मा, आर्यन गुप्ता, सीमा कश्यप आदि शामिल थे।

### बयान के विरोध में पुतला दहन

**सूरजपुर।** संसद भवन में सोमवार को कांग्रेस के नेता सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए उन्हें हिंसक बताया है। राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान के विरोध में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने



अग्रसेन चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी भी किया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा उल्टा-पुल्टा बयान बाजी करते हुए हिंदुओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी के विवादित बयान से असह महसूस कर रहे हैं। राहुल गांधी को संसद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, राजेश महलवाला, संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, मुकेश गर्ग, राजेश्वर तिवारी, अजय सिंह, संत साहू, सूरज शेट्टी, आलम सिंह आयाम, आशा मिश्रा, वेद प्रकाश सिंह, दुर्गा गुप्ता, यशवंत सिंह, राजेश साहू, सुमित साहू, संस्कार अग्रवाल, देव गुप्ता, शांतनु सिंह चौहान, सनी मिश्रा, विक्की सोनवानी, राजू शर्मा, अनुराग द्विवेदी, किशन देवांगन, कैलाश गुप्ता, सुरेश सोनी, अमन प्रताप सिंह, प्यारे साहू, संजू सोनी, दिलीप साहू, अभय गुप्ता, रंजन सोनी, लाल साय बैगा, बजरंग राजवाड़े, संदीप जायसवाल, सतनारायण गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बजरंग दल ने फूंका पुतला

**रामानुजगंज।** लोकसभा सदन में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को लेकर आज बजरंग दल ने कड़ी निंदा करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुतला दहन से पूर्व शव यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुतला दहन के दौरान जिला संयोजक जशु केसरी, प्रखंड संयोजक नयन गुप्ता, नगर संयोजक सुशील मेहरा, नगर सुरक्षा प्रमुख निहाल कश्यप, मिलन प्रमुख आकाश ठाकुर, विद्यार्थी प्रमुख रंजन शर्मा, मितगई खंड संयोजक पप्पू यादव, सूरज पासवान, हर्ष सोनी, ऋषि पासवान, आनंद विश्वकर्मा, निशांत कुमार, आर्यन गुप्ता, वीरेंद्र यादव, शैलेश मरकाम, संदीप ठाकुर, अभिषेक केसरी, आर्यन कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नशे में धुत युवकों ने देर रात केशवनगर स्थित प्रधानआरक्षक के घर के भीतर घुसकर किया हंगामा

## सड़क पर जन्मदिन मनाने के दौरान प्रधान आरक्षक से भिड़े दर्जन भर युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- तीन नाबालिग किशोर समेत सात युवकों को पुलिस ने किया गिरफ़्तार,शेष आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश
- सभी आरोपी युवक दतिमा ने निवासी बताए गए हैं

सूरजपुर जिले में बेखौफ हुए अपराधियों के हौसले बेख़ौफ़ होकर बढ़ते जा रहे हैं,आमजनों के साथ आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद अब आदतन बदमाश पुलिस विभाग के कर्मचारियों को भी नहीं बख़्स रहे हैं।

वर्तमान मामला करंजी चौकी क्षेत्र का है जहां एक जुलाई की रात करीब नौ बजे दतिमा चौक में सड़क के बीच में जन्म दिन मना रहे मनचले युवकों को पुलिस कर्मी द्वारा सड़क के किनारे होकर जन्म दिन पार्टी मनाने की सलाह देना नुक़सानदेह हो गया, समझाईश देने की बात सुनकर नशे में धुत्त युवकों ने नाराज़ होकर प्रधानआरक्षक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी,विवाद बढ़ने के दौरान करंजी चौकी की पेट्रोलिंग पार्टी भी मौक़े पर पहुंच गई, पेट्रोलिंग पार्टी ने समझाईश देते हुए मामले को शांत कराकर युवकों को मौक़े से जाने को कहा तत्पश्चात पेट्रोलिंग पार्टी भी वहां से चली गई।

लेकिन मामला इतने में भी शांत नहीं हुआ,बताया जाता है कि युवकों को समझाईश देने वाला पुलिस कर्मी जो करंजी चौकी का प्रधान आरक्षक है वह चौकी का डाक लेकर बिश्रामपुर थाने के लिए निकला था, बदला लेने की नियत से नशे में धुत्त बदमाश युवक दतिमा से उसका पीछा करते हुए पहले आईटीआई कॉलोनी के पास रास्ता रोककर प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह से गाली गलौज करने लगे ,फिर दोबारा से देर रात उसके केशवनगर स्थित आवास पहूंच गए और उसे खोजते हुए घर के भीतर घुस गए ,घर के भीतर विवाद बढ़ता देख प्रधानआरक्षक राजकुमार ने बिश्रामपुर थाना समेत नगर में रहने वाले अपने साथी पुलिसकर्मियों को फोन कर घटना की जानकारी देते हुए उनको मौक़े पर बुला लिया जिसको देख बदमाश युवक मौक़े से फ़रार हो गए। इधर इस गंभीर घटना की जानकारी आईजी व एसपी को मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और पुलिस मौक़े से फ़रार हुए आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई।बताया गया कि मुख्य आरोपी समेत आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैजिनमें से तीन नाबालिग हैं।

बिश्रामपुर पुलिस ने प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह की रिपोर्ट पर दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296, 351(2), 120(2), 115(2), 221, 132, 191(2), 331(6) के तहत नामजद अपराध दर्ज किया है। इनमें से सात आरोपियों को गिरफ़्तार करते हुए सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है, गिरफ़्तार आरोपियों में तीन नाबालिग किशोर है, पकड़ में आए चार मुख्य आरोपियों में भूषण बघेल ,नंद गोपाल राजवाड़े पिता बिनेश्वर राजवाड़े ,विकेश राजवाड़े पिता खिलानंद राजवाड़े ललित राजवाड़े पिता दिगंबर राजवाड़े निवासी सभी दतिमा के नाम शामिल हैं शेष अन्य आरोपी फरार बताए गए है। बताया गया कि पकड़े गए आरोपी विकेश राजवाड़े निवासी दतिमा का जन्मदिन मनाने के दौरान शराब के नशे में युवकों ने उक्त वारदात को अंजाम दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## बतरा में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को प्रशासनिक जांच दल ने किया सील






**बिश्रामपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला स्तरीय नर्सिंग होम, औषधि प्रशासन तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत बतरा में स्थित प्रजापति मेडिकल स्टोर में सील बंद करने की कार्यवाही की गई। प्रजापति मेडिकल स्टोर में पूर्व में ही जांच किया गया था। जिसमें संचालक द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन करते हुए अधिक मात्रा में दवाइयां, सिरिंज तथा दवाई की खाली बोतल उपयोग की गई थी। पूर्व में ही अवैध रूप से संचालित क्लीनिक संचालक को समझाइश दी गई थी, इसके बावजूद क्लिनिक संचालक द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। प्रजापति मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन बीएमडब्लू का उल्लंघन करते हुए पाया गया और संयुक्त जांच टीम द्वारा दुकान को सील बंद करने की कार्यवाही की गई।

### प्रवेश नहीं देने पर कलेक्टर व डीईओ से शिकायत

**सूरजपुर।** जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों एवं अशासकीय स्कूलों के छात्रों को प्रवेश नहीं देने एवं परेशान करने के सम्बंध में सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कर ने कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत किया है। साथ ही समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है। दीपक कर ने बताया कि जिले के विभिन स्कूलों में खासकर शासकीय स्कूलों के सम्बंध में शिकायत मिल रही है कि स्कूल वाले अन्य स्कूल से आने वाले छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से एडमिशन नहीं दिया जा रहा है। छात्र-छात्राएं जब एडमिशन के लिए दूसरे स्कूलों में जा रहे है तो वहां के स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें यह कह कर मना कर दे रहे है कि आप जिस स्कूलों में पहले पढ़ाई कर रहे थे वही जाकर पढ़ो।



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

लाइफStyle

# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।



हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस


**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे।



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।

# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है,




जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।

# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज़ 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज़ हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

## खबर संक्षेप

### विद्यालय में प्रवेश हेतु मेरिट सूची जारी

**जशपुरनगर।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदन पत्रपों का चयन समिति द्वारा परीक्षाणोपरांत मेरिट सूची कक्षावार, वर्गवार तैयार की गई। मेरिट सूची का अवलोन हेतु जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जशपुर, मनोरा, दुलदुला, फरसाबहार, पत्थलगांव, कांसाबेल, कुनकुरी एवं बगीचा के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया गया है। मेरिट सूची में दावा आपत्ति के लिए इच्छुक आवेदक 05 जुलाई 2024 को सायं 5.00 बजे तक विद्यालय में स्वय उपस्थित होकर अभिलेख के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किए जाएगें।

### एनटीपीसी लारा में मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम



**रायगढ़।** अनिल कुमार कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी लारा एवं श्रीमती अनुराधा शर्मा, अध्यक्ष प्रेरिता महिला समिति द्वारा रुएक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जुलाई को किया गया। विदित हो की इस पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सुरक्षा के लिए रुएक पेड़ माँ के नाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को आह्वान किया था। इस पर अमल करते हुए एनटीपीसी लारा ने वर्षा ऋतु की पहली फुहार के बाद वृक्षा रोपण अभियान शुरू किया है। आज कार्यकारी निदशक अनिल कुमार एवं प्रेरिता महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती अनुराधा शर्मा द्वारा प्रशासनिक भवन परिसर में वृक्षा रोपण किया। इसके साथ साथ परियोजना के आस पास भी पौधा रोपण कार्य भी किया गया है। प्रधानमंत्री ने देश में सितम्बर तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधरोपण का लक्ष निर्धारित किया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजीव रंजन, सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रेरिता महिला समिति की सदस्याएं भी पौधरोपण कर पर्यावरण सरंक्षण में अपनी सहभागिता दी।

### डायरिया नियंत्रण रथ को टंकराम ने दिखाई हरी झंडी




**सारंगढ़।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सारंगढ़ में डायरिया नियंत्रण रथ का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 1 जुलाई से प्रारंभ हुई स्टॉप डायरिया अभियान अंतर्गत डायरिया के रोकथाम हेतु स्वास्थ्यए पंचायतए स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा नगरीय प्रशासन विभाग के समन्वय के साथ जिले में आयोजित की जा रही है। 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 के मध्य ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियोंए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के बच्चों वाले घरों में ओ आर एस पैकेट तथा जिंक टैबलेट उपलब्ध कराकर दस्त के दौरान प्रयोग हेतु पालकों को प्रशिक्षित करेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में प्रभावी असर हेतु जिले में डायरिया नियंत्रण रथ प्रचार सामग्री से सजी एवं ऑडियो सिस्टम से लैस है।

## पेज 1 का शेष

### नगर पालिका के ...

और विकसीत जशपुर बनाएंगें। इसके लिए आवश्यक है कि हम सब अपने अपने दायित्वों का अच्छे से निर्वाहन करें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित भाजपा के पार्षद, कार्यकर्ता और पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

---

अब उर्वरक, बीज व कीटनाशकों में भी मिलावट, विभागीय जांच में खुलासे

# कृषि में कीटनाशक व खाद का उपयोग बढ़ा तो बिकने लगे नकली उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कृषि के क्षेत्र में आई क्रांति के कारण उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। अब किसान ज्यादातर फसलों में बुआई से लेकर फसल पकने तक उर्वरक एवं कीटनाशकों का बार.बार उपयोग करता है, वहीं उन्नत बीजों का उपयोग भी बढ़ा है। जिस प्रकार किसानों ने उन्नत बीज के साथ उर्वरक एवं कीटनाशकों का उपयोग बढ़ाया है, उसी अनुपात में जिले के शहरों एवं गांवों में खाद बीज की दुकानों की संख्या बढ़ी है। इनमें कई ऐसे भी हैं जो किसानों को नकली खाद, बीज व उर्वरक बेचकर न केवल चांदी कूट रहे हैं, बल्कि फसल उत्पादन भी प्रभावित कर रहे हैं।

हालांकि कृषि विभाग की टीमें लगातार जिले में निरीक्षण कर बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों के नमूने लेती हैं, लेकिन कुछ लोग दुकानों पर बेचने की बजाए वाहनों से गांव-गांव घूमकर भोले किसानों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। कृषि विभाग की टीमों की ओर से पिछले तीन साल में लिए गए कृषि आदानों के नमूनों में काफी संख्या में अमानक पाए गए हैं। इन्हें लेकर कृषि विभाग ने आदान विक्रेताओं के खिलाफ वाद दायर किया है।




**अधिकृत विक्रेता से खरीदें, बिल जरूर लें**

किसानों को बीज, कीटनाशक एवं उर्वरक ऑनलाइन नहीं खरीदना चाहिएए क्योंकि ऑनलाइन खरीद एवं गांवों में घूम.घूम कर बेचने वाले लोगों की ओर से नकली बीजए दवाई एवं उर्वरक देने की संभावना ज्यादा रहती है। इसके साथ कोई भी बीज, दवा या उर्वरक खरीदने से पहले किसान कृषि विभाग के कृषि विशेषज्ञ से सलाह अवश्य लें। अधिकृत विक्रेता से आदान खरीदें तथा पका बिल जरूर लें।

**अनिल शर्मा,** डीडीए, रायगढ़।

**समय पर नहीं करते जांच**

सिस्टम की लेटलतीफी से हर सीजन में किसानों की फसल दांव पर रहती है। पहले तो समय रहते अमानक खादए बीज और कीटनाशक के पर्याप्त सैंपल नहीं लिए जातेए वहीं जो भी सैंपल जांच के लिए भेजे जाते हैं तो उनकी रिपोर्ट लंबे समय तक अटकी रहती हैए इस बीच में किसान उस अमानक खाद बीज या कीटनाशक का उपयोग कर लेता है। इसके बाद अगर जांच रिपोर्ट में अमानक स्तर पाया भी जाता है तो किसान माथा पीटने के अलावा कुछ नहीं कर सकता। क्योंकि तब तक किसान की फसल.जमीन और मेहनत सबकुछ बर्बाद हो चुका होता है।

गौरतलब है कि बीते वर्ष खरीफ सीजन में किसानों को बेचे गए बीज के चारए जैविक खाद के आठ और कीटनाशक के दो सैंपल फेल पाए गए हैं। इससे पूर्व कृषि विभाग द्वारा बीज के कुल 134 सैंपल भेजे थे। जिसमें से चार अमानक मिले हैंए जबकि 2 सैंपल की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। वहीं अमानक पाए गए बीजों में चावल की फसल के हैं। ज्यादातर बीजों में निर्धारित समय में अंकुरण ही नहीं हुआ। इसी तरह कीटनाशक के 117 सैंपल लिए गए हैं, जिसमें से 47 की ही रिपोर्ट अब तक आई है। जिसमें से दो सैंपल फेल हो गए हैं। इसी तरह जैविक खाद के 40 सैंपल लिए गए थे। जिसमें से आठ सैंपल फेल हो गए हैं और अभी तक 14 की रिपोर्ट नहीं आई है। जिस प्रकार खाद्य पदार्थों में मिलावटखोर मिलावट कर रहे हैंए उसी प्रकार अब कृषि क्षेत्र में भी नकली खाद, बीज व कीटनाशक बेचे जा रहे हैं, जो फसल को फायदा करने की बजाए उल्टा नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए किसानों को जागरूक होने की आवश्यकता है। किसी प्रकार का बीजए खाद या कीटनाशक खरीदते समय किसान को पका बिल अवश्य लेना चाहिए। बिल पर आदान का पूरा नाम, निर्माण तिथिए अवधि पार तिथि व उसका लॉट नंबर अवश्य लिखा हुआ हो। किसान खुद भी बिल पर हस्ताक्षर करें। जिले में कहीं पर घर-घर या गांव.गांव जाकर नकली बीजए दवाई एवं उर्वरक बेचते हुए कोई व्यक्ति नजर आता है तो उसकी सूचना कृषि विभाग को तुरंत देंए ताकि उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके और नकली आदानों पर अंकुश लगाया जा सके। जिले में खरीफ सीजन की बुआई शुरू हो चुकी है ऐसे में किसानों को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

## रोजाना जाम से हलाकान हो रहा शहर, जर्जर सड़क जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर से गुजरने वाले राजमार्ग से लेकर मुख्य मार्गों की खस्ता हालत यात्रियों के लिए एक बड़ी परेशानी बन गई है। सालों से जर्जर हो चुकी इस सड़क के कारण यातायात जाम की समस्या पैदा हो गई है, जिससे नागरिकों में निराशा और गुस्सा है। इसका एक नजारा मंगलवार को भी सामने आया जब कोतरा रोड, ढिमरापुर व भगवानपुर जेएसपीएल सड़क मार्ग पर सैकड़ों वाहनों का रेला लग गया और भीषण जाम की समस्या पैदा हो गई। करीब तीन घंटे तक लोग जाम में फंसकर हलाकान हुए।

गौरतलब है कि इस मार्ग पर हुए जानेवाली गड्ढे दुर्घटना और लेटलतीफी से लेकर ट्रैफिक जाम का सबब बन रहे हैं। गड्ढों और गड्ढों से भरी इस सड़क के कारण वाहनों की गति धीमी हो गई हैए जिससे लंबी कतारें लग गई हैं और वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। पीक ऑवर्स के दौरान स्थिति विशेष रूप से गंभीर हो जाती हैए जब सड़क पर वाहनों की भीड़ होती हैए जिससे यात्री घंटों तक फंसे रहते हैं। यह समस्या केवल यात्रियों को होने वाली असुविधा तक ही सीमित नहीं है। यातायात जाम का शहर की अर्थव्यवस्था पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है, क्योंकि माल और सेवाएँ समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच पा रही हैं। यह स्थिति विशेष रूप से आपातकालीन सेवाओंए जैसे कि एम्बुलेंस और दमकल गाड़ियों के लिए चिंताजनक है, जिन्हें भीड़भाड़ वाली सड़कों पर चलने में कठिनाई हो रही है। बार-बार शिकायत और मरम्मत की मांग के बावजूद अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। नागरिक अब इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने की मांग कर रहे हैं और जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं होने पर सड़कों पर उतरने की धमकी दे रहे हैं। जर्जर सड़क प्रशासन की उदासीनता और उपेक्षा का प्रतीक बन गई है। अब समय आ गया है कि अधिकारी सड़क की मरम्मत के लिए ठोस कदम उठाएं और शहर के यातायात को सामान्य गति पर बहाल करें।

## शिक्षक केवल पढ़ाएं नहीं बल्कि बच्चे कैसे सीखें यह सिखाएं : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


शिक्षकों को प्रशिक्षण देते विनोद गुप्ता।

■ यशस्वी जशपुर के तहत शैक्षिक गुणवत्ता के लिए कार्यशाला

मास्टर ट्रेनर्स को अपने विषय में जिले के विद्यालयों का कक्षा दसवी एवं बारहवी का परिणाम देखकर विश्लेषण कर उसके अनुरूप शिक्षकों के उन्मुखीकरण में शिक्षकों को प्रशिक्षण देना चाहिए। उक्त विचार यशस्वी जशपुर के मास्टर ट्रेनर्स को संकल्प शिक्षण संस्थान में आयोजित बैठक में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि जिले के शासकीय हाई स्कुल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में अध्यापन करने वाले शिक्षक अपने अध्यापन विषय में बच्चों के लिए बेहतर क्या और कैसे कर सकें यह बात मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में अवश्य बतायें। सभी अपने विषय में ऐसी कार्य योजना बनायें कि सभी विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत हो। उन्होंने कहा कि सभी विषय शिक्षकों को विद्यालय में विषय के प्रश्नों की विद्यार्थियों के बीच क्वीज प्रतियोगिता अवश्य करानी चाहिए एवं शिक्षकों को विषयवस्तु को खेल-खेल में बताना चाहिए ताकि बच्चे को विषयवस्तु की बेहतर समझ विकसित हो सके। श्री गुप्ता ने कहा कि शिक्षक को अपने विषय का पाठ्यक्रम समाप्ति पश्चात बच्चों से प्रश्न बनवाने चाहिए और संकलित कर प्रश्नों का चयन शिक्षक को कराना चाहिए। बच्चों के लिए प्रश्न का उत्तर देना आसान होता है, प्रश्न बनाना कठिन। यदि विद्यार्थी प्रश्न बना लेते है तो इसका अर्थ यह होता है कि उन्हें विषय वस्तु की समझ हो गई है। जो विद्यार्थी जितनी अधिक संख्या में अच्छे प्रश्न बनाते है उनकी उस विषयवस्तु में उतनी ही अच्छी समझ होती है। हमें बच्चों की क्षमता का आंकलन कर बताना है कि उन्हें अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करके कैसे सीखा जाता है। इसके लिये कक्षा में स्व अध्ययन हेतु आदत विकसित करना होगा, तभी निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूर्ण होगा और विद्यार्थी विभिन्न विषयों में दक्ष होगा। शिक्षकों को प्रतिदिन बच्चों को गृहकार्य देना चाहिए और उसका मूल्यांकन करना चाहिए एवं शिक्षक गृह कार्य का उल्लेख प्रतिदिन डेली डायरी में करें तथा प्राचार्य द्वारा रोटेशन के आधार पर प्रतिदिन शिक्षक डायरी का अवलोकन करना चाहिए। इस बैठक में अर्थशास्त्र के शिक्षक विमल मनहर ने कहा कि शिक्षकों को सत्र प्रारंभ से ही स्मार्ट पढ़ाई प्रारंभ करना चाहिए। कोशिश यह करनी चाहिए कि बच्चे को विषयवस्तु अच्छे तरह समझ आ जाये और उसे ज्यादा मेहनत न करना पड़े। राजनीति शास्त्र के शिक्षक विध्यांचल शर्मा ने कहा कि जिन विषयों में प्रोजेक्ट वर्क होता है उसमें ऐसे प्रश्न चयनित करके देना चाहिए कि उसमें से अधिकांश प्रश्न वार्षिक परीक्षा में आए। लेखाशास्त्र के शिक्षक संजय कंसारी ने कहा कि बच्चों में विषयवस्तु की समझ ऐसी विकसित करें कि बेहतर परिणाम प्राप्त हो। बैठक में जशपुर जिले के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में अध्यापन करने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला के सभी बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यशस्वी जशपुर के सभी मास्टर ट्रेनर्स यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय, संजय दास उपस्थित थे।

### मां बंजारी धाम में रोटरी क्लब ने कराया शेड निर्माण



**तमनार।** रोटरी क्लब ऑफ रॉयल द्वारा सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल प्रवेश द्वार पर शेड नवनिर्माण की पूजा अर्चना फीता काटकर लोकार्पण, भव्य महाआरती, भजन संध्या के साथ सैकड़ो लोगो को भण्डारा ख़लिाया गया। नए सत्र की शुरुआत अध्यक्ष आशीष महामिया ने सत्र के प्रथम दिन ही क्लब के परमानेंट प्रोजेक्ट व विभिन्न कार्यक्रम को मेम्बर्स के सहयोग से सुव्यवस्थित भव्य कराया। माँ बंजारी मन्दिर प्रवेश द्वार पर शेड नवनिर्माण से मन्दिर समिति, अतिथिगण, श्रद्धालुओं ने रोटरी क्लब रायगढ़ को साधुवाद दिया। श्री शिव, श्री हनुमान मंदिर के सामने सीमेन्ट छज्जा हॉल नवनिर्माण कराने संकल्प लेने पर हेतु विजय अग्रवाल एनआर ग्रुप द्वारा बधाई दी गई। माँ बंजारी परिसर में दम्पतियों के नाम पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## झुंड से बिछड़ा हाथी मचा रहा आतंक, जुनवानी में तोड़ा घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले में एक दंतैल हाथी के उत्पात मचाने का वीडियो सामने आया है। इसी हाथी ने दो दिन पहले भी इसी गांव के दो ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ की थी। साथ ही साथ पांच किसानों की फसलों को रौंद डाला था। मंगलवार की सुबह गांव में हाथी के आमद से मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ वन मंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंगुरसिया जुनवानी इलाके में बीते कुछ दिनों से 15 से अधिक की संख्या में हाथी जंगलों में विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों के द्वारा क्षेत्र में लगातार लोगों के घरों के अलावा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने की जानकारी अक्सर सामने आते रही है। मंगलवार की सुबह पांच बजे जुनवानी गांव के ग्रामीण अपने-अपने कार्य में व्यस्त थे। इसी बीच जंगल से चिंघाड़ते हुए एक दंतैल हाथी ने गांव में दस्तक दी। सुबह.सुबह हाथी को अचानक गांव में देखते ही अफरा-तफरी की स्थित बन गई। इस हाथी ने एक मकान को तोड़ते हुए धान और चावल को चट कर दिया। साथी ही साथ तुलसी चवंरा के अलावा करुणासागर मालाकार के फसल को भी हाथी ने नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि जिस हाथी ने जुनवानी गांव निवासी पंचराम उरांव के घर को तोड़फोड़ की है। दो दिन पहले भी पंचराम के घर के एक हिस्से को तोड़ डाला था। परंतु उस समय हाथी को यहां खाने को कुछ नहीं मिला था। लेकिन आज हाथी ने इसी घर के दूसरे हिस्से को तोड़ा है। जहां धान और चावल दोनों थे। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले कई बार हाथी ने रात में ही गांव में आकर उत्पात मचाते हुए घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया था। लेकिन मंगलवार की सुबह हाथी के गांव में आ जाने से गांव में दहशत का माहौल बन गया था। गांव के ग्रामीण वन विभाग की टीम के साथ मिलकर हाथी को वापस जंगल में खदेड़ डाला।

## शासकीय कालेज दुलदुला में संपन्न हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यशाला

जशपुरनगर। शासकीय महाविद्यालय दुलदुला में 3 जुलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री आशीष कुमार राजपाल रहे।

नवीन सत्र से छत्तीसगढ़ के सभी शिक्षा संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जा रही है जिससे संबंधित कई सारे प्रश्न शिक्षकों एवं विभाग के कर्मचारियों के मन में है। इन्हीं सभी प्रश्नों एवंराष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को क्या लाभ होगा, कक्षाएं किस प्रकार संचालित होंगी साथ ही मूल्यांकन किस प्रकार किया जाएगा इन सभी विषयों को लेकर पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राजपाल ने आधिकारिक एवं व्यावहारिक ज्ञान साझा किया। शासकीय महाविद्यालय दुलदुला के सभी सदस्यों ने जागृत होकर कार्यशाला में सहभागिता दी एवं अंत में सभी शिक्षकों ने अपने अपने प्रश्न पूछे एवं मास्टर ट्रेनर श्री आशीष कुमार राजपाल ने सभी प्रश्नों का व्यवहारिक तरीके से उदाहरण प्रस्तुत कर उत्तर दिया। नवीन सत्र में शासकीय महाविद्यालय दुलदुला में प्रथम वर्ष में नवीन शिक्षा नीति 2020 लागू हो रही है। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं।


दुलदुला में संपन्न हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति।

## जून में हर दिन जिले में बनाए गए एक हजार आयुष्मान कार्ड

**रायगढ़।** जिले में छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड निर्माण का काम तेजी से जारी है। पिछले एक माह में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर पूरे जिले में अभियान चला कर 30 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य और पंचायत विभाग जमीनी स्तर पर मुहिम चला रहा है। गांव गांव में कैंप लगाकर छूटे हुए लोगों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। प्रतिदिन विकासखंडवार कार्ड निर्माण के कार्य की प्रगति की मॉनिटरिंग की समीक्षा की जा रही है। जिसका परिणाम रहा कि 30 हजार लोगों से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड का निर्माण कर लिया गया है। कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को मिशन मोड में करने के निर्देश दिए है। जिस पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्ड में दौरा कर आयुष्मान कार्ड प्रगति की समीक्षा कर रहे है। इसके साथ ही कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष प्लानिंग कर लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिससे स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉकवार गांवों में नियमित रूप से शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके तहत जून माह में विकासखण्ड पुसौर में 2020, रायगढ़ में 3641, खरसिया में 3231, तमनार में 3140, घरघोड़ा 1999, लैलूंगा 4650, धरमजयगढ़ 12609 इस तरह कुल 31 हजार 290 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 में उत्कृष्ट कार्य के लिए 11 अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


सम्मानित करते कलेक्टर।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में उल्लेखनीय कार्य के लिए शासकीय रामभजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डीआर राठिया एवं शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमा विद्यालय के व्याख्याता विनय सिन्हा, जिला जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार एक्का, ई-गर्वनेश एवं सूचना प्रौद्योगिकी के ई-जिला प्रबंधक नीलाकंर बासू, जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रकांत केंवट, जिला अंत्यवसायी जशपुर के कार्यपालन अधिकारी योगेश कुमार धुरव, जिला आबकारी अधिकारी सुश्री महिमा पट्टवी, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक एमएस पैंकरा, कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक प्रकाश यादव, जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर प्रशांत गौर, लाईवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य अमरनाथ धमगया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शासकीय रामभजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डीआर राठिया एवं शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमा विद्यालय के व्याख्याता श्री विनय सिन्हा के द्वारा अपने दायित्वों के साथ-साथ जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का सुचारू रूप से संचालन एवं सम्पादन किया गया। जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री अजीत कुमार एक्का द्वारा अपने दायित्वों के साथ-साथ जिला नोडल अधिकारी में एमसीएमसी का सुचारू रूप से संचालन एवं सम्पादन किया गया। लोकसभा निर्वाचन में ई-गर्वनेश एवं सूचना प्रौद्योगिकी के ई-जिला प्रबंधक श्री नीलाकंर बासू द्वारा अपने दायित्वों के साथ-साथ मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग, कम्युनिकेशन प्लॉन, निर्वाचन सॉफ्टवेयरों का सुचारू संचालन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग एवं निर्वाचन कार्यों की ऑनलाईन मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जाकर सुचारू रूप सेसमयावधि में संचालित किया गया।

जिला कोषालय अधिकारी श्री चन्द्रकांत केंवट द्वारा अपने दायित्वों के साथ-साथ सहायक जिला नोडल अधिकारी इइएम का सुचारू रूप से संचालन एवं सम्पादन, जिला अंत्यवसायी जशपुर के कार्यपालन अधिकारी योगेष कुमार धुरव द्वारा अपने दायित्वों के साथ-साथ सहायक नोडल अधिकारी इव्हीएम मैनेजमेंट, सहायक नोडल अधिकारी कंट्रोल रूम, सहायक नोडल अधिकारी मतदान पश्चात शिलिंग तथा अन्य निर्वाचन कार्यों, जिला आबकारी अधिकारी सुश्री महिमा पट्टवी द्वारा अपने दायित्वों का सुचारु रुप से संपादन किया।

**न्यायालय तहसीलदार, बागबहार
जिला - जशपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / अ-21 / 2023-24
ग्राम- बुलडेगा

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम - बुलडेगा प.ह.नं. 35 तहसील - बागबहार जिला -जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक समारू राम नाम पिता सुकरू जाति नागवंशी निवासी ग्राम पाकरगांव तहसील पत्थलगांव, जिला- जशपुर (छ.ग.) द्वारा स्वयं के नाम पर ग्राम बुलडेगा स्थित भूमि ख.नं. 511/2क रकबा 0.372 हे. व्यवसायिक प्रयोजन की भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय जशपुर को प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान अ.वि.अ. (रा.) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच कर प्रतिवेदन प्रेषित करने हेतु प्राप्त हुआ है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या पक्षकार को कोई दावा / आपत्ति करना हो तो वे नियत दिनांक 05.07.2024 को समय 11:00 बजे तक स्वयं या अपनें मान्य अभिकर्ता अथवा अपनें अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक 05.07.2024 के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार
बागबहार
जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, बागबहार
जिला - जशपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / अ-21 / 2023-24
ग्राम- खजरीढाप

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम - खजरीढाप प.ह.नं. 42 तहसील - बागबहार जिला - जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक दविन्द्रो पिता लोकनाथ जाति महकुल निवासी ग्राम खजरीढाप तहसील बागबहार जिला - जशपुर द्वारा स्वयं के नाम पर खजरीढाप स्थित भूमि ख.नं. 190/2ग रकबा 0.073 हे. व्यवसायिक प्रयोजन की भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय जशपुर को प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान अ.वि.अ. (रा.) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच कर प्रतिवेदन प्रेषित करने हेतु प्राप्त हुआ है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या पक्षकार को कोई दावा / आपत्ति करना हो तो वे नियत दिनांक 05.07.2024 को समय 11:00 बजे तक स्वयं या अपनें मान्य अभिकर्ता अथवा अपनें अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक 05.07.2024 के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार
बागबहार
जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - जशपुर (छ.ग.)
-:: आम सूचना ::-**

सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - जशपुर द्वारा दीनदयाल आवास योजना (बादरकोना) जिला - जशपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक LIG / 30 का आबंटन स्व - वित्तीय योजना में आबंटन आदेश क्रमांक 192 दिनांक 26.05.2008 तथा आबंटी के नाम पर नामांतरण आदेश क्र. 2159 दिनांक 07.12.2023 के तहत श्रीमती अनामिका सिन्हा पति- श्री वीरेन्द्र कुमार सिन्हा के नाम से आबंटित है।

आबंटिती श्रीमती अनामिका सिन्हा द्वारा भू-खण्ड / भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

दिनांक- 03/07/2024

**सम्पदा अधिकारी**